प्रादेशिक समाचार
31.01.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एटा उत्तर प्रदेश में पटना बर्ड सेंचुरी और गुजरात कच्छ में छारी–धंध के रामसर साइट्स बनने पर हर्ष जताया है। सोशल मीडिया पर केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव के पोस्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि बायोडायवर्सिटी को बचाने और ज़रूरी इकोसिस्टम की रक्षा करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। श्री मोदी ने भरोसा जताया कि ये वेटलैंड्स अनगिनत प्रवासी और स्थानीय प्रजातियों के लिए सुरक्षित ठिकाने बने रहेंगे और फलते–फूलते रहेंगे।

********************

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कल लोकसभा में वार्षिक आम बजट पेश करेंगी। बजट से देश की जनता को कई उम्मीदें हैं। केन्द्रीय वित्त मंत्री बजट पेश करने के बाद देश के विभिन्न क्षेत्रों से आये विद्यार्थियों के साथ संवाद करेंगी। केन्द्रीय बजट से झारखंड के लोगों को भी कई उम्मीदें हैं। युवाओं में जहां इस बार रोजगार को लेकर वित्त मंत्री के पिटारे से काफी कुछ निकलने की उम्मीद है। वहीं मध्यम वर्ग राहत की उम्मीद में है।

********************

रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने जम्मू कश्मीर के डोडा में सड़क हादसे में शहीद अजय लकड़ा के परिजनों से आज रांची में मुलाक़ात कर उन्हें ढंढास बँधाया। श्री सेठ तिरिल के लाबेद में स्थित उनके घर पहुंचे तथा उनकी माँ और परिवार के अन्य सदस्यों से मिलकर शोक–संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि देश के वीर सपूत अजय का बलिदान हर युवा को प्रेरणा देने वाला है। श्री सेठ ने यह भी कहा कि इस कठिन घड़ी में हम सभी पूरी मजबूती से उनके परिवार के साथ खड़े हैं।

********************

निकाय चुनाव को लेकर इन दिनों राज्यभर में सरगर्मी तेज है। प्रत्याशी नामजदगी का पर्चा खरीदने में व्यस्त हैं। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित चुनाव कार्यक्रमों के अनुसार प्रत्याशी चार फरवरी तक पर्चा दाखिल कर सकेंगे। पांच फरवरी को उम्मीदवारों द्वारा दाखिल पर्चों की जांच होगी, जबकि छह फरवरी तक नाम वापस लिये जा सकेंगे और सात फरवरी को चुनाव चिन्ह आवंटित किया जाएगा। निकाय चुनाव को लेकर तेइस फरवरी को मतदान सवेरे सात बजे से शाम पांच बजे तक बैलेट पेपर के माध्यम से होगा और 27 फरवरी को वोटों की गिनती होगी।

********************

रांची स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में आज कोर कमिटी की बैठक हुई। इस बैठक में पार्टी के भावी कार्यक्रमों और संगठनात्मक मुद्दों पर काफी देर चर्चा चली। इसमें निकाय चुनाव समेत अन्य समसामयिक विषयों पर भी मंथन हुआ और उम्मीदवारों के नाम पर विचार विमर्श हुआ। इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष आदित्य प्रसाद साहू, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और संजय सेठ समेत अन्य नेता मौजूद रहे।

********************

पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने आज रांची स्थित लोकभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न मांगों को लेकर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। बाद में पत्रकारों से बातचीत में पूर्व विधायक ने विभिन्न परियोजनाओं में रैयतों के साथ शोषण का आरोप लगाया।

********************

रांची का लोकभवन स्थित उद्यान एक बार फिर आम लोगों के लिए खुलने जा रहा है। लोकभवन की ओर से बताया गया है कि यह उद्यान लोगों के भ्रमण और परिदर्शन के लिए दो फरवरी से आठ फरवरी तक सवेरे दस बजे से दोपहर तीन बजे तक खुला रहेगा। आगंतुक गेट नंबर दो से जांच के बाद दोपहर एक बजे तक उद्यान में प्रवेश कर सकेंगे।

खास बात यह रहेगी कि आगंतुक प्रवेश के उपरांत अधिकतम तीस मिनट तक ही उद्यान में रह सकेंगे। घुमनेवालों को अपने साथ पहचान पत्र भी रखना होगा।

*********************

राज्य में सर्द हवाओं की वजह से एक बार फिर ठंड में थोड़ी वृद्धि हुई है। कई जिलों में पिछले चौबीस घंटे के दौरान न्यूनतम तापमान में कमी देखी गयी। रांची के नजदीक कांके में न्यूनतम तापमान 7 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र ने बताया है कि चौबीस घंटे के बाद न्यूनतम तापमान में एक बार फिर तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि हो सकती है। छह फरवरी तक कुछ इलाकों में कुहासे का पूर्वानुमान है।

**********समाप्त**********